Downloaded from: justpaste.it/sportsCricket

IND vs NZ: दूसरे मैच को जीतकर 6 साल बाद कीवी ये कारनामा करना चाहेंगे

न्यूजीलैंड की टीम इस मैच को जीतकर 6 साल बाद भारत के खिलाफ वनडे सीरीज पर कब्जा करने के मकसद से मैदान में उतरेगी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शनिवार को रोमांचक मुकबाला देखने को मिलेगा। क्योंकि टीम इंडिया जीतकर सीरीज में वापसी करना चाहेगी। वहीं दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम इस मैच को जीतकर 6 साल बाद भारत के खिलाफ वनडे सीरीज पर कब्जा करने के मकसद से मैदान में उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले 6 साल से भारतीय टीम को हराकर वनडे सीरीज पर कब्जा नहीं किया है।

[IPL के शुरु होने से पहले Rajasthan Royals को लगा बड़ा…]

तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के सामने 348 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। लेकिन कीवियों ने इस लक्ष्य को छू लिया और 4 विकेट से भारत को हरा दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में निराश किया।

ऐसा में माना जा रहा है कि विराट कोहली दूसरे मैच में गेंदबाजी में बदलाव कर सकते हैं और शार्दल ठाकुर की जगह नवदीप सैनी को मैदान में उतार सकते हैं। पहले मैच में श्रेयस अय्यर ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा था। श्रेयस अय्यर ने 107 गेंदों पर 103 रन बनाये। लेकिन अय्यर के शतक पर रॉस टेलर का शतक भारी पड़ गया। रॉस टेलर ने नाबाद 109 रन बनाए और न्यूजीलैंड को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

[Ranji Trophy 2019-20 : विराट कोहली ने जिसे खराब फिटनेस के…]

आपको बता दें, न्यूजीलैंड ने पिछली बार टीम इंडिया को 2014 में 4-0 से वनडे सीरीज में हराया था। लेकिन अगर अब न्यूजीलैंड इस दूसरे मैच पर कब्जा कर लेती है तो 6 साल बाद वनडे सीरीज में टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ हारेगा।